CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 169 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 11 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## शहीद भगत सिंह के गांव से नरेश मीणा की नई मुहिम

### 'भगत सेना' के गठन का एलान, किसान हितों और भ्रष्टाचार के खिलाफ तेज होगी आवाज

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर ।**

अंता विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके पूर्व छात्र नेता और निर्दलीय उम्मीदवार नरेश मीणा ने अपनी नई राजनीतिक-सामाजिक शुरुआत करते हुए 'भगत सेना' नाम से नए संगठन का गठन किया है। इसकी घोषणा उन्होंने पंजाब के खटकड़ कला, शहीद भगत सिंह के पैतृक गांव से की, जिसे उन्होंने क्रांतिकारी विचारों की नई यात्रा का प्रतीक बताया।

मीणा ने कहा कि 'भगत सेना' एक कैडर-आधारित संगठन के रूप में काम करेगा, जिसका उद्देश्य भगत सिंह की विचारधारा, युवा चेतना और सामाजिक बदलाव के संकल्प को व्यापक स्तर पर पहुंचाना है। मीणा ने बताया कि संगठन की सदस्यता प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और युवा इसमें जुड़कर परिवर्तन की इस मुहिम को शक्तिशाली बना सकेंगे।

नरेश ने कहा कि संगठन का मुख्य फोकस भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक लड़ाई होगी। हर सदस्य यह संकल्प लेगा कि जहां कहीं भी भ्रष्टाचार दिखेगा, उसके खिलाफ आवाज उठाई जाएगी। इसके साथ ही संगठन नशा मुक्ति अभियान को बड़े स्तर पर चलाएगा । स्मैक, चरस, गांजा और शराब जैसे हर प्रकार के नशे के खिलाफ जागरूकता और सामुदायिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण शिक्षा पर जोर देते हुए मीणा ने कहा कि गांवों में स्टडी सेंटर, कोचिंग क्लास, लाइब्रेरी और शिक्षा अभियान शुरू किए जाएंगे ताकि युवा सशक्त हो सकें।

संगठन की रणनीति और विस्तार को लेकर नरेश मीणा हाल ही में दिल्ली में प्रशांत किशोर से मिले, जहां 'भगत सेना' को लेकर




विस्तृत चर्चा हुई। इससे पहले वे पंजाब किसान आंदोलन के प्रमुख नेता और भारतीय किसान एकता उगराह के अध्यक्ष जोगिंदर सिंह उगराह से भी मिले।

## खारी नदी पुलिया पर ओवरलोड ट्रक का टायर फटने से तीन घंटे जाम, परिवहन विभाग ने 27 हजार का चालान काटा




**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

(दिलखुश) अजमेर-कोटा स्टेट हाईवे पर सावर-केकड़ी रोड स्थित खारी नदी की पुलिया पर बुधवार अल सुबह एक ओवरलोड ट्रक का टायर फटने से हाईवे पर करीब तीन घंटे तक जाम रहा। ट्रक पुलिया के बीचों-बीच तिरछा लटक गया, जिससे दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 7 बजे केकड़ी की ओर जा रहा पट्टियों से भरा ओवरलोड ट्रक अचानक टायर फटने से नियंत्रण खो बैठा और पुलिया पर अटक गया। ट्रक के अटकने से दोनों ओर का ट्रैफिक पूरी तरह बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही सावर थाना प्रभारी राधेश्याम जाट के निर्देश पर एएसआई राजेंद्र चौधरी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर ट्रैफिक को नियंत्रित किया।

इसी दौरान परिवहन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची। आरटीओ ने ट्रक की बिल्टी व परिवहन दस्तावेजों की जांच की तो पाया कि ट्रक में क्षमता से तीन गुना अधिक वजन की ओवरलोड पट्टियाँ भरी हुई थीं। इस पर विभाग ने नियमों के तहत 27 हजार रुपये का चालान बनाया।

तीन घंटे की लंबी मशक्कत के बाद करीब 10 बजे ट्रक को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इसके बाद करीब एक घंटे में हाईवे से जाम पूरी तरह खोल दिया गया और यातायात सुचारू कर दिया गया।

## कैबिनेट विस्तार पर पूनिया का तंज: बोले मंत्री पद की चाह ऐसे जैसे कुंवारे की शादी का इंतज़ार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटा ।**

**गर्वित।** राजस्थान में संभावित मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच बीजेपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और हरियाणा प्रभारी सतीश पूनिया ने अपने बेबाक अंदाज़ में बड़ा बयान दिया है। पूनिया ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर उन्हें उतनी ही जानकारी है, जितनी दिल्ली से संपर्क रखने वालों को है। चर्चाओं का माहौल बना रहना अच्छा है, इससे लोगों में उम्मीद और उत्सुकता दोनों कायम रहती है।

पूनिया ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा कि जैसे किसी कुंवारे को अपनी शादी का इंतज़ार रहता है, वैसे ही कुछ नेताओं को मंत्री पद की आस होगी। 'देखते हैं क्या होता है, थोड़ा इंतजार करना चाहिए। आखिर कुंवारे की शादी कभी न कभी तो



होती ही है। राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल पर बोलते हुए पूनिया ने कहा कि सरकार को विरासत में ऐसी स्थिति मिली थी जिसमें पेपर लीक, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब कानून-व्यवस्था जैसी गंभीर चुनौतियाँ थीं। उन्होंने कोटा सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार के कामकाज की सराहना की। कांग्रेस नेता गोविंद डोटासरा के इस आरोप पर कि इस सरकार में यमुना का पानी राजस्थान नहीं आएगा, पूनिया ने तीखा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 50 साल में पानी नहीं ला सके नेता अब इसलिए चिंतित हैं क्योंकि उन्हें डर है कि कोई और यह काम कर देगा। पूनिया ने आरोप लगाया कि डोटासरा हमेशा आशंकित रहते हैं और इसी वजह से पिछली सरकार के दौरान जल जीवन मिशन और आयुष्मान योजना जैसी योजनाओं को पूरा नहीं होने दिया गया।

पूनिया ने कहा कि भाजपा सरकार यमुना के एमओयू को जल्द धरातल पर लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए डीपीआर तैयार की जाएगी। प्रवासी दिवस के अवसर पर निवेश को लेकर बात करते हुए पूनिया ने कहा कि 7 लाख करोड़ के जो एमओयू साइन हुए हैं, वे जमीन पर उतरने लगे हैं। इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने SIR के जरिए मतदाता सूची पुनरीक्षण को बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि राजस्थान पहला प्रदेश है जिसने यह काम 100% पूरा किया। दो साल के कार्यकाल का जिक्र करते हुए पूनिया ने कहा कि सरकार ने जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य किया है और कई क्षेत्रों में अभिनव पहलें की हैं।

## फर्जी नामान्तरण कर जमीन हड़पने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार , 11 मुकदमों में है वांछित

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

कोतवाली थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जमीन धोखाधड़ी के मामलों में लिप्त शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में धोखाधड़ी व कूटरचना के 11 प्रकरण दर्ज हैं।

मामला तब सामने आया जब ओमप्रकाश शर्मा, निवासी पनोतिया हाल निवास चेन्नई, ने रिपोर्ट दी कि ग्राम पांसल स्थित उसके भाई द्वारा खरीदी गई जमीन का नामान्तरण कराने के बहाने आरोपी सांवरमल जो उसकी रिश्तेदारी में आता है ने आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा अन्य दस्तावेजों के साथ खाली कागजों पर हस्ताक्षर करा लिए। इन दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए आरोपी ने उक्त जमीन को फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी बनाकर अपनी पत्नी के नाम करवा लिया।

पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। थानाधिकारी शिवराज गुर्जर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी



और मुखबिर तंत्र के आधार पर लगातार तलाश के बाद टीम ने आरोपी को दबोच लिया।

गिरफ्तार आरोपी सांवर मल शर्मा (40 वर्ष) निवासी पनोतिया हाल रमा विहार, भीलवाड़ा के खिलाफ पहले से ही सुभाषनगर , प्रतापनगर व सिटी कोतवाली सहित विभिन्न थानों में एससी/एसटी एक्ट सहित कई गंभीर प्रकरण दर्ज हैं और कई मामलों में चालान प्रस्तुत हो चुके हैं, जबकि कुछ में जांच जारी है।

## फायरिंग कर फरार हुआ वांछित अपराधी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

रायला थाना क्षेत्र में फायरिंग की वारदात को अंजाम देकर फरार हुआ आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ गया। आरोपी ने डिटेनिंग के दौरान पुलिस को गच्चा देकर भागने की कोशिश की और बाद में पुलिस पर फायरिंग भी की, जिस पर जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया।

मामला उस समय सामने आया जब 9 दिसंबर को मालोला उपसरपंच प्रतापनगर थाने पहुँचा और बताया कि एक युवक उनके घर पर आया है, जिसने एक दिन पहले विजयनगर में 112 चालक पर फायरिंग की थी। पूछताछ में युवक की पहचान सुरेन्द्र उर्फ ज्ञान सिंह सोलंकी के रूप में हुई, जो रायला थाना क्षेत्र में फायरिंग और आर्म्स एक्ट में वांछित था। इस पर एसपी के निर्देशानुसार आरोपी को प्रतापनगर पुलिस द्वारा रायला थाना को सुपुर्द किया जाना था।

थानाधिकारी राजपाल सिंह आरोपी को लेकर टीम सहित रात में रवाना हुए, लेकिन माण्डल के पास आरोपी ने पेशाब करने का बहाना बनाकर पुलिस को धक्का दिया और अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों में कूदकर फरार हो गया। तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दी गई और रायला, माण्डल, बनेड़ा व बागोर सहित आसपास के थानों में नाकाबंदी कराई गई। सीओ सदर माधव उपाध्याय और सीओ माण्डल सहित टीमें रातभर आरोपी की तलाश में जुटी रहीं। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को लाम्बिया कला टोल से पहले कच्चे रास्ते पर एक कंटेनर के पास बने खंडहर में आरोपी के छिपे होने की जानकारी मिली। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो आरोपी अचानक खंडहर से बाहर आया और पुलिस जीप पर फायरिंग कर दी। गोली जीप के कांच के पास लगी। आत्मसमर्पण के लिए कई बार चेतावनी देने के बावजूद आरोपी हथियार रीलोड करता रहा, जिससे थानाधिकारी ने आत्मरक्षा में नीचे की ओर लक्ष्य कर जवाबी फायर किया। गोली आरोपी के दाहिने पैर में लगने पर वह मौके पर गिर पड़ा, जिसके बाद उसे काबू में लिया गया।

पकड़े जाने पर आरोपी ने कबूला कि विजयनगर फायरिंग के बाद उसने हथियार उसी खंडहर में छिपाया था और



कस्टडी से भागने पर उसे उठा लिया था। आरोपी को एमजीएच भीलवाड़ा में भर्ती कराया गया, जहां वह उपचाराधीन है। रायला थाना में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्यवाही में थानाधिकारी राजपाल सिंह, कांस्टेबल धीरज , सुरेश और राजकुमार का विशेष योगदान रहा।

## कोटड़ी में दर्शन की आड़ में आया इनामी बदमाश धराया, दो साल से था फरार जेवरात खरीददार

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**



थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 2023 में ग्राम रेडवास में हुई लूट की वारदात में शामिल सोने के जेवरात खरीददार व 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मीणा ने बताया कि 25 जुलाई 2023 को ग्राम रेडवास में रात्रि के समय बदमाशों ने रामकुंवार जाट की पत्नी के साथ गंभीर मारपीट कर उसके गले से सोने का लॉकेट व मोती लूट लिए थे। इस मामले में शामिल पांच लुटेरों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि लूटा गया सामान चैनसुख सोनी ने कम दामों में खरीदा था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।

पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कोटड़ी श्याम के दर्शन करने के लिए कोटड़ी आने वाला है। इस पर 9 दिसंबर को गठित विशेष टीम ने दबिश देकर चैनसुख पुत्र प्रभुलाल सोनी (उम्र 46 वर्ष), निवासी कोटड़ी, थाना रेलमगरा, जिला राजसमंद को डिटेन कर गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी महावीर प्रसाद के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक कैलाशचंद्र, कांस्टेबल मोतीराम, अर्जुनराम एवं मनोहरलाल विशेष टीम में शामिल रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.- 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA FOCUS

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# छोटी बिजौलियां-बेरीसाल मार्ग पर बढ़ते हादसे, एक माह में तीन दुर्घटनाएँ; ग्रामीणों में आक्रोश

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**



छोटी बिजौलियां ग्राम से बेरीसाल मार्ग इन दिनों दुर्घटनाओं का मार्ग बनता जा रहा है। पिछले एक महीने में इस सड़क पर लगातार तीन हादसे हो चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी नाराज़गी व्याप्त है। हाल ही में हुए हादसे में गांव की बादाम बाई मीणा की मौत हो गई, जबकि सत्यनारायण सोनी, महेश पूरी और विनय धाबाई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों का उपचार अस्पताल में जारी है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क किनारे फैली घनी कंटीली झाड़ियाँ वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी हैं। इन झाड़ियों के कारण सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे टक्कर की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने हाल ही में आयोजित शिविर में विभागीय अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपा, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से झाड़ियों की तत्काल कटाई, सड़क के चौड़ीकरण, तथा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर सुधार नहीं किया गया तो भविष्य में और दुर्घटनाएँ होना तय है।

# राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रमों की तैयारियाँ शुरू, कलेक्टर ने अधिकारियों की ली बैठक



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार को जिला स्तरीय एवं उपखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में 11 से 25 दिसंबर तक जिलेभर में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

कलेक्टर संधू ने कहा कि निर्धारित अवधि में होने वाले सभी कार्यक्रम सुव्यवस्थित, जनहितकारी और अधिकतम जनसहभागिता वाले होने चाहिए। संधू ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और राज्य सरकार की उपलब्धियों व कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बताया कि 12 से 26 दिसंबर तक जिले की प्रत्येक विधानसभा में विकास रथ संचालित किया जाएगा। यह रथ विधानसभा-वार तय कार्यक्रम के अनुसार भ्रमण कर सरकार की योजनाओं, उपलब्धियों और लाभार्थी आधारित कार्यक्रमों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। बैठक में एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद सीईओ चंद्रभान सिंह भाटी, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी उपखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

# बिना नंबर वाले वाहनों पर भीलवाड़ा यातायात पुलिस की सख्त कार्रवाई

## एक दिन के विशेष अभियान में 40 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर शहर में बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 40 वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

यातायात पुलिस टीम ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जांच अभियान चलाते हुए 36 दुपहिया और 3 तिपहिया वाहनों को बिना नंबर चलाने पर कार्रवाई की। इसके साथ ही एक पिकअप वाहन को जब्त किया गया। वाहन चालकों को मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज साथ रखने, नंबर प्लेट लगाने और यातायात नियमों का पालन करने के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस ने बताया कि बिना नंबर वाले वाहन कई बार अपराधिक गतिविधियों में उपयोग किए जाते हैं, इसलिए ऐसे वाहनों पर निरंतर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सुवाणा बालिका विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित, छात्रों ने सतत विकास और ग्रीन ग्रोथ पर रखे विचार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय सुवाणा में बजट घोषणा के तहत विद्यार्थियों के लिए हमारी नई पीढ़ी सस्टेनेबल डेवलपमेंट तथा ग्रीन ग्रोथ के सिद्धांतों को आत्मसात कर आवश्यक कौशल प्राप्त कर सके विषय पर ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य सरोज लढ़ा की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता चार विधाओं निबंध, आशुभाषण, क्विज और चित्रकला–ल में सम्पन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन ग्रोथ जैसे विषयों पर अपने दृष्टिकोण प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए।

प्रतियोगिता के परिणामों में निबंध में खुशी जाट (राबाउमावि सुवाणा), चित्रकला में निशांत मीणा (राउमावि राजेंद्र मार्ग), क्विज में दिलखुश जाट (राउमावि नया समेलिया) और आशुभाषण में रिंकू योगी (राबाउमावि सुवाणा) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान ओमप्रकाश सेन, शुभा जैन, चैतन्य प्रकाश पारीक, छोटू लाल सुथार, दामिनी राज, रेखा शर्मा, संदीप लोड़ेतिया, सुनीता जोशी और दीक्षा अग्रवाल निर्णायक मंडल के रूप में उपस्थित रहे।

# हनुमान मंदिर में चोरी ,दान पेटी, चांदी के बर्तन और हनुमान जी का गोटा ले उड़े चोर

**भीलवाड़ा फोकस @ रायला ।**



थाना क्षेत्र स्थित मंशापूर्ण हनुमान मंदिर में मंगलवार रात चोरी की वारदात हुई।

चोर मंदिर का चैनल गेट तोड़कर अंदर घुसे और दान पेटी, माइक सेट, चांदी के बर्तन, चांदी की गाय, देसी घी व तेल की सामग्री के साथ हनुमान जी का गोटा भी चुरा ले गए।

बुधवार सुबह पुजारी रतन दास के मंदिर पहुंचने पर चोरी का खुलासा हुआ, जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने नाराज़गी जताते हुए बताया कि क्षेत्र में बार-बार चोरी की घटनाएं हो रही हैं और पुलिस गश्त कमजोर है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच के दौरान सरकारी स्कूल के पीछे चोरी का कुछ सामान बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

# देवनारायण भगवान मंदिर महोत्सव को लेकर प्रशासनिक सहयोग की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी ।**



तहसील के ग्राम सुरजपुरा में आयोजित होने वाले देवनारायण भगवान मंदिर पूर्णाहुति एवं स्वर्ण कलश स्थापना महोत्सव को लेकर ग्रामवासियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्रशासनिक सहयोग की मांग की। धार्मिक आयोजन 21 से 27 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन 5-7 हजार और कुल मिलाकर लगभग 20-25 हजार श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।ग्रामवासियों ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए अस्थायी बिजली व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, चिकित्सा सुविधा, पार्किंग व्यवस्था और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की मांग रखी।इस दौरान देवराज सिंह, बलवंत कुमार भट्ट, बजरंग सिंह कानावत, सोहन सुथार, रतन सिंह, पप्पू सुथार, शंकर जाट, राधेश्याम शर्मा, विष्णु पंडित, किशन सिंह, अभय सिंह, लक्ष्मण सिंह, भगवत सिंह, जवान सिंह, शैतान सिंह, बद्री जाट, सोहन सिंह बागोर, दीपक टेलर सहित कई ग्रामीण और गणमान्यजन मौजूद रहे।

# भाविप विवेकानंद शाखा की 9वीं कार्यकारिणी बैठक संपन्न, दिव्यांग शिविर की तैयारी शुरू



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

भारत विकास परिषद्, शाखा स्वामी विवेकानंद की 9वीं कार्यकारिणी बैठक राष्ट्रीय गीत के साथ सम्पन्न हुई, जिसमें 16 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में पिछली कार्यवाही अनुमोदित की गई तथा शाखा के प्रमुख सेवा प्रकल्प तीन दिवसीय दिव्यांग शिविर की घोषणा की गई। शिविर आगामी 12, 13 और 14 फरवरी को काशीपुरी, वकील कॉलोनी, माहेश्वरी भवन, आजाद नगर में आयोजित होगा। सभी सदस्यों से इसे सफल बनाने हेतु सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया।

पिछले माह स्थगित रहे गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम को इस माह आयोजित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता हेतु 20-21 दिसंबर को आयुर्वेदिक एवं एक्यूप्रेशर शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनके प्रचार-प्रसार की तैयारी शुरू हो गई है। प्रांत निर्देशित सांस्कृतिक सप्ताह 16 से 19 दिसंबर तक आयोजित होगा।

संगठनात्मक मजबूती के लिए 13 दिसंबर को नवाचार सहित साधारण सभा आयोजित की जाएगी, जिसमें कवि सम्मेलन भी प्रस्तावित है। कोटा में होने वाले प्रांतीय सम्मेलन में भागीदारी तथा 16-18 जनवरी तक प्रस्तावित स्टेच्यू ऑफ यूनिटी यात्रा पर भी चर्चा हुई।

बैठक का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। बैठक में रामेश्वर काबरा, पारस बोहरा, मनोज माहेश्वरी, भैरूलाल अजमेरा, कैलाश अजमेरा, विनती तापड़िया सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों को बांटे ऊनी स्वेटर

**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**(रमेश चंद्र डाड)**



कस्बे के निकटवर्ती गेगा का खेड़ा गांव स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को विद्यालय की अध्यापिका अंजू राजावत ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यार्थियों को ऊनी स्वेटर वितरित किए।

संस्था प्रधान चंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान उप प्रधानाचार्य दिनेश शर्मा, व्याख्याता पुष्पेंद्र कुमार मंडारवाल, वरिष्ठ अध्यापक शिवचरण मीणा, अध्यापक संजय खंगार, राहुल वागोरिया सहित विद्यालय स्टाफ और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# ऊनी वस्त्र पाकर खिले नौनिहालों के चेहरे



**भीलवाड़ा फोकस @ कोटडी ।**

उपखंड क्षेत्र कि ग्राम पंचायत गेहूंली के ऊँकारपुरा राजकीय प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को ऊनी वस्त्र का वितरण हुआ। पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी करणी प्रताप सिंह की उपस्थिति में भामाशाह नाहर सिंह एवं भंवरलाल जाट द्वारा विद्यालय एवं आंगनबाड़ी पाठशाला के 65 बच्चों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए। ग्रामवासियों ने भामाशाहों के सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा की।



QUICK BITES

## खजुरी-बाकरा मार्ग पर पैचवर्क की पोल खुली: शुरू होते ही उखड़ा, गुणवत्ता पर उठे सवाल

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



खजुरी से बाकरा सड़क मार्ग पर बदइंतज़ामी एक बार फिर उजागर हुई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा हाल ही में किए जा रहे पैचवर्क की परत शुरुआत में ही उखड़ने लगी, जिससे मरम्मत कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य ठीक से पूरा भी नहीं हुआ था और जगह-जगह परत टूटकर सड़क फिर उसी हाल में नजर आने लगी।

इससे पहले भी शक्करगढ़-बाकरा मार्ग पर किया गया पैचवर्क कुछ ही दिनों में उखड़ गया था। विभागीय मॉनिटरिंग और प्रशासनिक लापरवाही के कारण सड़कें लगातार बदहाल होती जा रही हैं। दूसरी ओर सरकार दो साल की उपलब्धियाँ गिनाने में व्यस्त है, जबकि जमीनी स्तर पर स्थिति तेजी से बिगड़ रही है।

ग्रामीणों ने नाराज़गी जताते हुए कहा की

सरकार भले ही सुविधा और राहत देने की बात करती हो, लेकिन अधिकारियों की कमजोर निगरानी और ठेकेदारों की मनमानी के कारण सड़कें फिर से खस्ताहाल हो गई हैं। लगातार बिगड़ती सड़क स्थिति से आमजन को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है । स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर रोज़ाना आने-जाने वाले वाहन चालकों तक सभी प्रभावित हैं।

## EWS प्रमाण पत्र की वैधता को लेकर भ्रम दूर करने की मांग, प्रदेश संगठन मंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :




अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के प्रदेश संगठन मंत्री शक्ति नारायण शर्मा ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के प्रमाण पत्र से जुड़ी समस्या को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा है। उन्होंने बताया कि सितंबर 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने EWS प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी थी। वर्तमान में भी प्रमाण पत्र की वैधता तीन वर्ष ही निर्धारित है। शर्मा ने पत्र में उल्लेख किया कि इसके बावजूद उपखंड कार्यालयों द्वारा जारी किए जाने वाले प्रमाण पत्रों में वैधता अवधि मात्र एक वर्ष (1 अप्रैल से 31 मार्च तक) ही अंकित की जा रही है। इससे अभ्यर्थियों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है और विभिन्न विभागों में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर इसे तीन वर्ष की वैधता वाला प्रमाण पत्र नहीं माना जाता। परिणामस्वरूप लाभार्थियों को नया प्रमाण पत्र बनवाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने मांग की है कि श्वङ्कस प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से तीन वर्ष की वैधता अवधि ही अंकित की जाए, ताकि प्रमाण पत्र स्वीकार करने में किसी प्रकार का विवाद या भ्रम न रहे। शर्मा ने आग्रह किया कि इस संबंध में संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएँ, जिससे श्वङ्कस वर्ग के लोगों को समय पर राहत मिल सके और वे योजनाओं व अवसरों का सुचारू रूप से लाभ ले सकें।

भीलवाड़ा फोकस
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ

एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!

"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।

क्या आपके पास है –

- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?

तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।

संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# विशेष बातचीत : रिंग रोड से लेकर नई योजनाओं तक विधायक डॉ. बैरवा ने बताया शाहपुरा का भविष्य

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

मूलचन्द पेसवानी।





विधायक डॉ. लालाराम बैरवा ने विशेष बातचीत में शाहपुरा के विकास, नई योजनाओं, पंचायत व्यवस्था और आने वाली चुनावी रणनीति को लेकर अपना व्यापक दृष्टिकोण साझा किया। विधायक ने कहा कि शाहपुरा में तेजी से प्रगति लाने के लिए बहुआयामी कार्ययोजना पर काम चल रहा है और सरकार की घोषणाओं को धरातल पर उतारने के लिए कड़ी मॉनिटरिंग की जा रही है।

डॉ. बैरवा ने बताया कि सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के बाद घोषणाओं की समीक्षा की जा रही है और शाहपुरा से जुड़े अधिकांश कार्यों पर तेजी से काम शुरू हो चुका है। नई पंचायतों के गठन को उन्होंने स्थानीय विकास की नई दिशा बताते हुए कहा कि पंचायत समिति में प्रशासक व्यवस्था लागू होने से प्रशासनिक गति में बढ़ोतरी हुई है।

उन्होंने आगामी पंचायत चुनावों को लेकर कहा कि भाजपा पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेगी तथा जनता के सामने अब तक हुए कार्यों और आने वाले विकास विज़न को मजबूती से रखा जाएगा।

विधायक ने बताया कि डीएमएफटी फंड से कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को तत्काल स्वीकृति मिली है। कई कार्यों के टेंडर जारी हो चुके हैं, जबकि कुछ प्रस्ताव अंतिम मंजूरी की प्रक्रिया में हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शाहपुरा को विकास की अग्रिम पंक्ति में लाने का लक्ष्य जल्द पूरा होगा। उन्होंने कहा कि आगामी बजट सत्र शाहपुरा के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। इसमें नई सड़कों, जलापूर्ति सुधार, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, ग्रामीण कनेक्टिविटी और खेल व संस्कृति से जुड़े निर्माण कार्यों के प्रस्ताव शामिल किए जाएंगे।

सबसे बड़ी सौगात के रूप में डॉ. बैरवा ने बताया कि शाहपुरा को जल्द ही रिंग रोड की सुविधा मिल सकती है, जिसे उन्होंने शहर की ट्रैफिक व्यवस्था और भविष्य के शहरी विकास के लिए 'गेम-चेंजर' बताया।

विधायक ने कहा रिंग रोड बनने से शाहपुरा में व्यापार, आवागमन और विकास की नई ऊर्जा आएगी। यह परियोजना शाहपुरा के भविष्य का आधार बनेगी। '

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले तीन साल शाहपुरा के लिए परिवर्तनकारी सिद्ध होंगे। शाहपुरा में विकास की गंगा बहानी है। जनता का भरोसा मेरी सबसे बड़ी पूंजी है, और इसी विश्वास के साथ शाहपुरा को नए स्वरूप में तैयार किया जाएगा।

## पीएम श्री विद्यालय बाकरा में मेंटर-मेंटी एवं 'आपणी लाडो' कार्यक्रम आयोजित

### राजीविका टीम ने बालिकाओं को आत्मनिर्भरता, सुरक्षा और करियर मार्गदर्शन पर किया जागरूक

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़



पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा में बुधवार को मेंटर-मेंटी एवं आपणी लाडो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं ने भाग लिया। राजीविका क्लस्टर मैनेजर शिला रॉय के नेतृत्व में राजीविका टीम ने बालिकाओं को समाजिक जागरूकता, आत्मविश्वास और भविष्य निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी।

क्लस्टर मैनेजर शिला रॉय ने बताया कि कार्यक्रम में बालिकाओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना, उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, करियर, स्व-सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता जैसे मुद्दों पर सक्षम बनाने के प्रयास किए गए। उन्होंने कहा कि आपणी लाडो अभियान के माध्यम से बालिकाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग किया जाता है ताकि वे बिना किसी झिझक अपनी बात रख सकें और सुरक्षित भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकें। उन्होंने बालिकाओं को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक एवं मानसिक परिवर्तनों, स्वास्थ्य स्वच्छता, पोषण, करियर विकल्प, ऑनलाइन सुरक्षा, और सामाजिक चुनौतियों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी। रॉय ने बताया कि राजीविका टीम लगातार स्कूलों में जाकर बालिकाओं को प्रोत्साहित कर रही है और जरूरतमंद छात्राओं को मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में राजीविका टीम की गुड्डी लुहार, मोनिका चतुर्वेदी सहित विद्यालय स्टाफ से रश्मि शर्मा, कविता मीना, प्रिया सर्वा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे। टीम ने छात्राओं के साथ संवाद सत्र भी रखा, जिसमें बालिकाओं ने खुलकर प्रश्न पूछे और विभिन्न विषयों पर अपनी जिज्ञासाएँ साझा कीं।

# पीएम श्री मॉडल स्कूल ट्विनिंग: कादेड़ा दल ने शाहपुरा मॉडल स्कूल का शैक्षणिक अवलोकन किया

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(किशन वैष्णव)

पीएम श्री विद्यालय योजना के तहत ट्विनिंग ऑफ स्कूल गतिविधि में शामिल होते हुए पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कादेड़ा के अवलोकन दल ने स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल, शाहपुरा का दौरा किया। दल ने विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, नवाचारात्मक गतिविधियों और आधुनिक तकनीकी संसाधनों का विस्तृत निरीक्षण किया।

मीडिया प्रभारी डॉ. परमेश्वर प्रसाद कुमावत ने बताया कि दल में व्याख्याता अशोक कीर, महावीर प्रसाद कुमावत, सरिता मीना, कीर्ति नागर सहित छात्राएँ शामिल थीं। उन्होंने स्मार्ट कक्षाएँ, प्रयोगशालाएँ, पुस्तकालय, खेल सुविधाएँ और आईसीटी संसाधनों का अवलोकन कर शिक्षण की आधुनिक विधियों को करीब से समझा।

प्रधानाचार्य ईश्वर लाल मीणा ने विद्यालय की विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों और नवाचार आधारित




कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। दोनों विद्यालयों के शिक्षकों के बीच अनुभव-विनिमय हुआ और भविष्य में संयुक्त गतिविधियों पर सहमति बनी। छात्राओं के लिए अटल टिंकिरिंग लैब विशेष आकर्षण रही, जहां उन्होंने तकनीकी नवाचारों और प्रयोगात्मक गतिविधियों का अनुभव लिया। कार्यक्रम के अंत में दोनों विद्यालयों की छात्राओं के बीच मैत्रीपूर्ण वॉलीबॉल मुकाबला भी आयोजित हुआ।

## जयपुर में प्रवासी राजस्थानी दिवस में विधायक गोपीचंद मीणा हुए शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**गजानंद जोशी ।** जयपुर में आयोजित प्रथम प्रवासी राजस्थानी दिवस का भव्य उद्घाटन बुधवार को हुआ, जिसमें दुनियाभर से आए प्रवासी राजस्थानी प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह आयोजन राजस्थान की संस्कृति और वैश्विक मंचों पर समुदाय के योगदान को समर्पित रहा। समारोह में विधायक गोपीचंद मीणा ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, गुलाबचंद कटारिया, सी.आर. पाटिल, पीयूष गोयल और भूपेंद्र यादव सहित कई केंद्रीय व राज्यस्तरीय नेता मौजूद रहे। मीणा ने कहा कि यह अवसर प्रवासी राजस्थानी भाई-बहनों की उपलब्धियों और मातृभूमि से उनके गहरे जुड़ाव का सम्मान है। आयोजन में 20 देशों से अधिक 5,000 प्रवासी विभिन्न सत्रों में हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने सभी अतिथियों और प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

## 7 साल का बच्चा घर के सेफ्टी टैंक में गिरा , हुई मौत

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

आरके कॉलोनी में बुधवार को खेलते समय 7 वर्षीय बच्चा घर में बने सेफ्टी टैंक में गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही डूबकर मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, जबकि माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश निवासी बबलू राजपूत मजदूरी के लिए पत्नी के साथ रोज की तरह मंडी गया हुआ था और बच्चा हरदीप घर पर अकेला था। खेलते-खेलते वह सेफ्टी टैंक के पास पहुंचा और अचानक उसमें गिर गया। पड़ोसियों को शंका होने पर उन्होंने परिजनों को फोन किया।

माता-पिता घर पहुंचे और बच्चे को अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सुभाषनगर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली और मामले की जांच शुरू की ।

# अधिवक्ता संस्था शाहपुरा के चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न, आशीष पालीवाल अध्यक्ष निर्वाचित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

(किशन वैष्णव)





अधिवक्ता संस्था शाहपुरा की कार्यकारिणी के गठन हेतु वार्षिक चुनाव बुधवार को शांतिपूर्ण, उत्साहपूर्ण और पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हुए। सुबह से ही मतदान केंद्र पर अधिवक्ताओं की सक्रिय भागीदारी दिखाई दी। कुल 56 पंजीकृत सदस्यों ने मतदान किया।

अध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में आशीष पालीवाल ने 33 मत प्राप्त कर 11 मतों के अंतर से विजय हासिल की। उनके प्रतिद्वंद्वी सुनील कुमार शर्मा को 22 मत मिले, जबकि एक मत अमान्य घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही अधिवक्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष पालीवाल का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का उत्सव मनाया गया।

चुनाव प्रक्रिया का संचालन मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रणवीर सिंह चौहान ने सहायक निर्वाचन अधिकारी संजय हाडा एवं दीपक पारीक के सहयोग से व्यवस्थित रूप से किया। मतदान से लेकर मतगणना तक पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता के साथ सम्पन्न की गई।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष आशीष पालीवाल ने सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के हितों की रक्षा, संगठन की एकता को मजबूत बनाने और न्यायिक व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी आवाज उठाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं को साथ लेकर संस्था को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

चुनाव में अन्य पदों पर उपाध्यक्ष पद हेतु अंकित शर्मा, सचिव पद हेतु अरविंद सिंह राणावत, कोषाध्यक्ष पद हेतु तेजप्रकाश पाठक तथा पुस्तकालय अध्यक्ष पद हेतु धनराज वैष्णव निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी पदाधिकारी अध्यक्ष पालीवाल के समर्थन समूह से जुड़े माने जा रहे हैं, जिससे नवगठित कार्यकारिणी को मजबूत नेतृत्व मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# स्कूल के बाहर रास्ता बना दलदल, स्वच्छता अभियान के दावे फेल,विद्यालय ने लगाई राहत की गुहार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



**(किशन वैष्णव)** फूलिया कलां उपखंड के गेगवा ग्राम में स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं के सरकारी दावों की वास्तविकता स्कूल के बाहर ही नजर आ रही है। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गेगवा के मुख्य द्वार के सामने बना रास्ता इन दिनों पूरी तरह कीचड़ और जलभराव में बदल चुका है। स्थिति यह है कि छोटे-छोटे बच्चे रोज़ फिसलते हुए स्कूल पहुँचते हैं, शिक्षक कीचड़ सने कपड़ों के साथ कक्षाओं में प्रवेश कर रहे हैं और ग्रामीणों के लिए यह मार्ग किसी बड़ी परेशानी का कारण बन गया है।

शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने पर विद्यालय प्रशासन ने एक बार फिर पंचायत समिति शाहपुरा के विकास अधिकारी को पत्र लिखकर समस्या के समाधान की मांग की है। विद्यालय ने सीसी रोड के तत्काल निर्माण की आवश्यकता जताई है। उल्लेखनीय है कि 23 नवंबर 2024 को भी शिकायत भेजी गई थी, जिस पर जवाब मिला था कि रास्ते से पानी निकाल दिया गया है। लेकिन मौके पर स्थिति जस की तस बनी हुई है वही कीचड़, वही गंदगी और कोई सुधार नहीं। स्कूल गेट पर फैलती यह समस्या स्वच्छ भारत अभियान के दावों पर भी सवाल खड़े करती है। बच्चों के जूते रोज़ कीचड़ में धंसते हैं, गिरने का खतरा बना रहता है और पढ़ाई पर इसका सीधा प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश साफ दिखाता है कि मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी अब गंभीर चिंता का विषय बन चुकी है।

इस मामले में ग्राम विकास अधिकारी देव कुमार ने बताया कि सड़क व नाली निर्माण का प्रस्ताव जिला परिषद को भेजा गया है। स्वीकृति मिलते ही निर्माण शुरू किया जाएगा। फिलहाल अस्थायी राहत के रूप में ग्रेवल डालने की तैयारी की जा रही है।

हालांकि स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं , क्या बच्चों को सुरक्षित रास्ता प्रस्ताव पास होने के बाद ही मिलेगा? या किसी हादसे का इंतजार किया जाएगा? ग्राम का यह कीचड़ भरा मार्ग अब केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि प्रशासनिक लापरवाही की पहचान बनता जा रहा है।

# हरि शेवा आश्रम में सनातन मंगल महोत्सव का बैनर भव्य रूप से विमोचित

## 19 से 26 फरवरी 2026 तक चलेगा विशाल धार्मिक आयोजन, तीन ब्रह्मचारी होंगे दीक्षित






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

हरि शेवा उदासीन आश्रम, सनातन मंदिर परिसर में आगामी फरवरी में आयोजित होने वाले विशाल सनातन मंगल महोत्सव के बैनर का बुधवार को भव्य विमोचन किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सान्निध्य में विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रोच्चार व शुभकामनाओं के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यह महोत्सव 19 से 26 फरवरी तक आयोजित होगा, जिसमें आश्रम के तीन ब्रह्मचारी इंद्रदेव, कुनाल और सिद्धार्थ को दीक्षा दान दिया जाएगा। साथ ही प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, कथा, यज्ञ और भक्ति कार्यक्रमों की श्रृंखला चलेगी।

महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने बताया कि आयोजन में अनंत विभूषित कार्ष्णिक पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर , स्वामी गुरु शरणानंद महाराज (वृंदावन-मथुरा), स्वामी महामंडलेश्वर बाबा कल्याण दास (अमरकंटक) और स्वामी आनंद भास्करानंद महाराज (दिल्ली) सहित देशभर से लगभग 250 संत-महात्मा पधारेंगे। काशी व वृंदावन के विद्वान आचार्य वेदिक विधान से हवन, यज्ञ, पूजन एवं अर्चन की श्रृंखला का संचालन करेंगे, जिससे आश्रम परिसर दिव्य ऊर्जा और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर रहेगा। भगवान विष्णु के पंचकुण्डीय यज्ञ में से एक यज्ञ के जजमान नगर निगम महापौर राकेश पाठक होंगे।

महोत्सव के दौरान पंचकुण्डीय विष्णु महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा, रासलीला, 108 मूल पाठ, शतचंडी पाठ, श्रीमद् भागवत गीता, रामचरित मानस एवं श्रीचंद्र सिद्धांत सागर के अखंड पाठ, अखंड राम नाम संकीर्तन, संत समागम तथा 19 फरवरी को पोथी यात्रा, 25 फरवरी को नगर परिक्रमा शोभायात्रा और 26 फरवरी को दीक्षा दान समारोह व संत प्रवचन सहित भंडारा आयोजित किया जाएगा। आयोजन में सभी सनातनियों के वस्त्र, भाषा और संगत-पंगत एक समान रखने की परंपरा निभाई जाएगी।

विमोचन कार्यक्रम में संत मयाराम, संत राजाराम, संत गोविंदराम, ब्रह्मचारी कुनाल, मिहिर, महापौर राकेश पाठक, आश्रम सचिव हेमंत वच्छानी, पल्लवी वच्छानी, रविंद्र जाजू, भगवान सिंह चौहान, सुरेश गोयल, कन्हैयालाल स्वर्णकार, रमेश मूंदड़ा, अशोक मूंदड़ा, हीरालाल गुरनानी, रामचंद्र मूंदड़ा, पार्षद ओम पाराशर, साईराम, ईश्वर आसनानी, मुरलीधर कोली, अम्बालाल नानकानी, महावीर खंडेलवाल, किशोर कृपलानी, पुरुषोत्तम परियानी, कन्हैयालाल मोरयानी, रमेश राठी, इंद्र अवतानी, राजा टिकयानी, महेश नावानी, बजरंग जांगिड़ सहित कई सनातन धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

QUICK BITES

# बड़ा महुआ, रीछड़ा और भदाणी खेड़ा विद्यालयों में 200 स्वेटर वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ उदलियास।




लायंस क्लब भीलवाड़ा द्वारा क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ा महुआ, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भदाणी खेड़ा तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीछड़ा में जरूरतमंद विद्यार्थियों को कुल 200 स्वेटरों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम में अध्यक्ष पवन पवार, सदस्य सुरेंद्र जैन, कार्यक्रम प्रभारी विनोद जैन, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुवाणा रामेश्वरलाल जीनगर तथा पीईईओ बड़ा महुआ अटल बिहारी वैष्णव मौजूद रहे। वैष्णव ने स्वेटर वितरण के लिए लायंस क्लब भीलवाड़ा के प्रति आभार व्यक्त किया।

# माहेश्वरी समाज के रामराय लड्ढा फिर बने सर्वसम्मति से अध्यक्ष

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड़)** बरूंदनी में माहेश्वरी समाज की कार्यकारिणी के गठन हेतु आयोजित चुनावों में इस वर्ष भी एकमत सहमति देखने को मिली। समाज की एकजुटता और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच रामराय लड्ढा को सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुना गया। चुनाव रामद्वारा परिसर में चुनाव अधिकारी सत्यनारायण नरानीवाल की देखरेख में सम्पन्न हुए। चुनाव अधिकारी नरानीवाल ने बताया कि सभी पदों पर निर्विरोध सहमति बनी। उपाध्यक्ष पद के लिए सुरेश कुमार सोमानी और शिवप्रकाश दरक का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी, मंत्री ओमप्रकाश लड्ढा तथा सहमंत्री महावीर प्रसाद तुरकिया बनाए गए। तहसील प्रतिनिधियों में नन्दकुमार सोमानी, कमलेश सोमानी, प्रभुलाल सोमानी, महेश कुमार नरानीवाल, सुरेशकुमार तुरकिया, नन्दकिशोर सोमानी, गोपालकृष्ण गट्टाणी, रामेश्वर लाल गट्टाणी, राजेंद्र कुमार लड्ढा, दिनेश कुमार नामधरानी और शिवप्रकाश सोमानी शामिल किए गए।

# गुरला में नया आयुर्वेदिक चिकित्सालय खोलने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ गुरला

कस्बे में सरकारी आयुर्वेदिक चिकित्सालय को लेकर ग्रामीणों ने विधायक और सांसद से माँग की है । ग्रामीणों का कहना है कि आयुष योजनाओं के विस्तार के बावजूद क्षेत्र में आयुर्वेदिक सेवाएँ न के बराबर हैं, जबकि लोग योग, प्राकृतिक चिकित्सा और आयुर्वेद पर आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवाओं की ओर तेजी से झुक रहे हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि गुरला के राजकीय चिकित्सालय में एकछत के नीचे योजना के तहत आयुर्वेद औषधालय दो वर्ष तक संचालित हुआ था, लेकिन बाद में बंद हो गया। इससे मरीजों को फिर शहरों के भरोसे रहना पड़ रहा है।

समग्र व सस्ती चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता को देखते हुए ग्रामीणों ने क्षेत्र के विधायक लादू लाल पितलिया, सांसद दामोदर अग्रवाल और मुख्यमंत्री से राजकीय एकीकृत आयुर्वेदिक चिकित्सालय गुरला में पुनः खोलने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि इससे आयुर्वेदिक उपचार, निवारक चिकित्सा और प्राकृतिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ सीधे स्थानीय लोगों को मिल सकेगा।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।